स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

DEENDAYAL PORT TRUST 1964

SAGARMALA
PORT-LED PROSPERITY

# तरंग

**दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट 14 वर्षो से भारत का नंबर 1 मेजर पोर्ट।**

अंक - 10




जुलाई - सितम्बर 2021

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# विषयवस्तु

| | |
|---|---|
| मुख्य अंश | 3-8 |
| गतिविधियाँ | 8-14 |
| पुरस्कार एवं सम्मान | 15-16 |
| दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट खबरों में | 17 |

# मुख्य अंश

## दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट में ऑक्सीजन संयंत्र का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन

केंद्रीय मंत्री श्री मनसुख मांडविया जी ने दिनांक 07 जुलाई 2021 को दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट द्वारा रामबाग अस्पताल, आदिपुर में स्थापित किए गए ऑक्सीजन संयंत्र का वर्चुअली उद्घाटन किया। यह संयंत्र अस्पताल के सभी बिस्तरों और वार्डों में ऑक्सीजन की निर्बाध एवं अनवरत ऑक्सीजन की आपूर्ति के लिए त्वरित ऑक्सीजन रिफिलिंग को सुनिश्चित करेगा। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान गुजरात सरकार के माननीय राज्य मंत्री श्री वासनभाई अहीर, कच्छ के माननीय सांसद श्री विनोद चावड़ा, माननीय विधायक-भुज श्रीमती नीमाबेन आचार्य, माननीय विधायक-गांधीधाम श्रीमती मालतीबेन माहेश्वरी, गांधीधाम नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती निशिता तिलवानी आदि उपस्थित रहे। माननीय केंद्रीय मंत्री का स्वागत करते हुए दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री संजय मेहता ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान पोर्ट ने महामारी को रोकने के लिए कई पहल की हैं। श्री मेहता ने यह भी बताया कि माननीय मंत्री जी के कुशल मार्गदर्शन में पोर्ट ने विभिन्न मार्गों पर रो-पैक्स / रो-रो सेवाओं जैसी कई महत्वाकांक्षी परियोजनाएं प्रारंभ की हैं। उन्होंने इस तथ्य से भी अवगत कराया कि दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी(सीएसआर) के तहत इस प्रक्षेत्र के लोगों की सेवा हेतु कई कदम उठा रहा है। माननीय मंत्री श्री मनसुख मांडविया जी ने पोर्ट की इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त की और ऑक्सीजन संयंत्रों को यथासमय प्रारंभ करने के लिए टीम डीपीटी को धन्यवाद दिया। इस समारोह के दौरान उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी माननीय मंत्री के निरंतर समर्थन और दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट द्वारा किए गए कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त की।












# मुख्य अंश

## माननीय केंद्रीय मंत्री जी द्वारा ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन














माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री मनसुख मांडविया जी द्वारा दिनांक 12 जुलाई 2021 को सर टी. अस्पताल, भावनगर में 2000 एलपीएम क्षमता वाले ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया गया। माननीय केंद्रीय पत्तन, पोतपरिवहन एवं जलमार्ग मंत्री और आयुष मंत्री, श्री सर्बानंद सोनोवाल जी भी उद्घाटन समारोह में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए और उन्होंने कोविड-19 महामारी को रोकने के लिए दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट की पहल पर प्रसन्नता व्यक्त की। समारोह के दौरान, पत्तन, पोतपरिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के माननीय राज्य मंत्रीगण श्री श्रीपाद येसो नाइक और श्री शांतनु ठाकुर भी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। श्रीमती विभावरीबेन दवे, माननीय राज्य मंत्री, गुजरात सरकार सहित क्षेत्र की सांसद एवं कई विधायकगण और अन्य लोकसेवकगण मंच पर उपस्थित थे। दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री संजय मेहता ने अपने संबोधन में उल्लेख किया कि कोविड-19 महामारी को रोकने के लिए डीपीटी की पहल के एक भाग के रूप में पोर्ट ने तीन अलग-अलग स्थानों पर ऑक्सीजन जेनरेटर संयंत्र स्थापित किए हैं।


# मुख्य अंश

## दीनदयाल पोर्ट पर एमवी ई-शिप 1 जलयान की पहली यात्रा




दीनदयाल पोर्ट से एमवी ई-शिप 1 जलयान ने दिनांक 06 सितंबर 2021 को अपनी पहली यात्रा प्रारंभ की। एमवी ई-शिप 1 जलयान को कार्गो जेट्टी नंबर-15 ए पर 15 विंडमिल ब्लेडों को लादने हेतु लाया गया। यह जलयान समुद्र में रहने के दौरान जहाज पर जेनरेटर चलाने हेतु बिजली उत्पन्न करने के लिए पवन ऊर्जा का उपयोग करता है। जीवाश्म ईंधन का उपयोग केवल इसके बंदरगाह में रहने तक ही सीमित है।

## दीनदयाल पोर्ट द्वारा अबतक के सर्वाधिक एलओए वाले जलयान की कीर्तिमानी बर्थिंग







दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट में एक इतिहास तब रचा गया जब एम.वी. 291.9 मीटर के एलओए वाले केपसाइज जलयान एमवी बर्ज न्यांगनी सीधे कार्गो बर्थ नंबर-10 पर लगाया गया। जलयान से कंडला में 1,04,450 मीट्रिक टन कोयला उतरना था। पहले नौवहन संबंधी बाधाओं के कारण दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट में केपसाइज जलयानों का प्रहस्तन केवल धारा के बीच में ही किया जा सकता था। एमवी बर्ज न्यांगनी की बर्थिंग ने दिनांक 01-08-2021 को 269.9 मीटर के एलओए वाले एमवी बेल जलयान को बर्थ करने के अपने पिछले रिकॉर्ड को पार कर नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया।

# मुख्य अंश

## दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट द्वारा 75वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन




दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट ने 15 अगस्त 2021 को "आजादी का अमृत महोत्सव" की थीम पर आधारित 75वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री एस.के. मेहता, आईएफएस ने दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के न्यासियों श्री अरविंद चौधरी, कैप्टन संतोष कुमार दारोकर और श्री एल.सत्यनारायण तथा अन्य वरिष्ठ पोर्ट अधिकारियों की उपस्थिति में तिरंगा फहराया।

अध्यक्ष महोदय ने दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट टाउनशिप के खेल परिसर में जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने दीनदयाल पोर्ट प्रशासन द्वारा किए गए विभिन्न उद्यमों से जनसमूह को अवगत कराया, जो दक्षता, उत्पादकता, किफायती लागत, पारदर्शिता और पोर्ट उपयोगकर्ताओं की संतुष्टि जैसे सभी क्षेत्रों में सफलता दिलाने में मददगार रहा है। अध्यक्ष महोदय ने वर्ष 2020-21 के दौरान 117 एमएमटी (विगत १४ वर्षों से नंबर 1 पोर्ट) के महत्वपूर्ण सीमाचिन्ह को पार करने में और कोविड-19 के संकट की घड़ी में दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट द्वारा सामाजिक दायित्वों का निर्वाह करने में पोर्ट उपयोगकर्ताओं, न्यासी मंडल(डीपीटी), अधिकारियों, कर्मचारियों, कामदारों, यूनियनों द्वारा दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट को उनके सतत समर्थन और सहयोग के लिए बधाई दी। उन्होंने महामारी के दौरान अगली पंक्ति (फ्रंटलाइन) के योद्धाओं द्वारा किए गए कार्यों की भी सराहना की। उन्होंने दीनदयाल पोर्ट को मेगापोर्ट बनाने के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया ।

कोविड-19 के सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन करते हुए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, कंडला (सीआईएसएफ) और अग्निशमन दल की टुकड़ी ने समारोह में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन के पश्चात् दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के कर्मचारियों की क्रिकेट टीम के बीच अंडर-19 क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसमें अध्यक्ष महोदय श्री एस.के.मेहता जी ने सिक्का उछालकर मैच का उद्घाटन किया।

# मुख्य अंश

## दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट द्वारा 75वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन

15वें स्वतंत्रता दिवस और जारी आजादी का अमृत महोत्सव के सुअवसर पर दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के प्रशासनिक कार्यालय भवन, उत्तरी द्वार, तेल जेट्टी गेट और टाउनशिप को सजाया गया, जो मनोहारी दृश्य बने।






# मुख्य अंश

## दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट ने विंडमिल ब्लेड्स का प्रहस्तन कर अपनी उपलब्धियों की सूची में एक नयी उपलब्धि जोड़ी ।

दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट ने दिनांक 16 जुलाई 2021 को एमवी. रोल डॉक स्काई पर कंडला से वियतनाम तक जाने वाले 78.5 मीटर लंबाई वाले 21 विंडमिल ब्लेडों के शिपमेंट का प्रहस्तन कर अपनी उपलब्धियों की सूची में एक और नयी उपलब्धि जोड़ी। दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट की उत्कृष्ट अवसंरचनात्मक सुविधाएं, किफायती टैरिफ और टीम-डीपीटी का मैत्रीपूर्ण दृष्टिकोण हमेशा ऊंचाइयों को छूने के लिए पोर्ट के लक्ष्य को उभारते रहे हैं।




## दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट की सीआईएसएफ यूनिट, कंडला द्वारा भूकंप पर मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन

दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट की सीआईएसएफ यूनिट, कंडला ने दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के सहयोग से दिनांक 27 जुलाई 2021 को सुबह 11 बजे नौभार घाट सं. 15 के द्वार के समीप एक खाली इमारत में 6वें बीएन एनडीआरएफ, डीपीटी अग्निशमन दल, डीपीटी मेडिकल टीम, इफको और कंडला मरीन पुलिस के समन्वय से भूकंप पर एक मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया।

# गतिविधियाँ

## दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट में "आजादी का अमृत महोत्सव" के 16वें सप्ताह का आयोजन

दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट ने "आजादी का अमृत महोत्सव" का 16वां सप्ताह मनाया। "आजादी का अमृत महोत्सव" संबंधी कार्यक्रमों की श्रृंखला में दिनांक 01 जुलाई 2021 को आयोजित समारोह में दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के कर्मचारियों के बच्चों ने गायन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसका मूल विषय देशभक्ति और प्रेरणादायक गीत और भारत की महान महिलाएँ था।







"आजादी का अमृत महोत्सव" के आयोजन के अनुक्रमण में, दिनांक 2 जुलाई 2021 को पोर्ट द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन, भारत की समृद्ध संस्कृति और इसकी विरासत विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के सचिव श्री सी. हरिचंद्रन भी उपस्थित रहे।

दिनांक 3 जुलाई 2021 को "आजादी का अमृत महोत्सव के 16वें सप्ताह" के समापन दिवस पर दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के कर्मचारियों ने देशभक्ति विषयों पर लघु नाटिकाओं का मंचन किया। श्री सी. हरिचंद्रन, सचिव और बी. भाग्यनाथ, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी आदि इस अवसर की उपस्थित रहे।

प्रगतिशील भारत के 75 वर्षो, इसके लोगों के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और उपलब्धियों का उत्सव मनाने के लिए "आज़ादी का अमृत महोत्सव" भारत सरकार की एक पहल है। दिनांक 28 जून 2021 से प्रारंभ 16वें सप्ताह के आयोजन के दौरान दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट द्वारा पोर्ट कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।






# गतिविधियाँ

## दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन

दिनांक 26 अगस्त, 2021, दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के सचिव श्री सी.हरिचंद्रन जी की अध्यक्षता में दिनांक 26 अगस्त, 2021 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कंडला/गांधीधाम की छमाही समीक्षा बैठक का ऑनलाइन आयोजन किया गया। बैठक में सदस्य कार्यालयों के प्रमुखों और प्रतिनिधियों के साथ साथ राजभाषा विभाग के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, नवी मुंबई की उप निदेशक (कार्यान्वयन) डॉ.सुष्मिता भट्टाचार्य ने भी भाग लिया। बैठक के दौरान नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कंडला/गांधीधाम की वार्षिक हिंदी पत्रिका 'कंडला नराकास संवाहिका' के ई-पत्रिका के रूप में प्रकाशित 'तृतीय अंक' का विमोचन दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के सचिव श्री सी.हरिचंद्रन जी द्वारा किया गया। बैठक में नराकास राजभाषा शील्ड योजना वर्ष 2020 के परिणम घोषित किए गए। सरकारी कार्यालय वर्ग में दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट को प्रथम, वीटीएस निदेशालय को द्वितीय और सीमाशुल्क कार्यालय को तृतीय तथा उपक्रम कार्यालय वर्ग में एचपीसीएल को प्रथम और आईओसीएल को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।दिनांक 26 अगस्त, 2021, दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के सचिव श्री सी.हरिचंद्रन जी की अध्यक्षता में दिनांक 26 अगस्त, 2021 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कंडला/गांधीधाम की छमाही समीक्षा बैठक का ऑनलाइन आयोजन किया गया। बैठक में सदस्य कार्यालयों के प्रमुखों और प्रतिनिधियों के साथ साथ राजभाषा विभाग के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, नवी मुंबई की उप निदेशक (कार्यान्वयन) डॉ.सुष्मिता भट्टाचार्य ने भी भाग लिया। बैठक के दौरान नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कंडला/गांधीधाम की वार्षिक हिंदी पत्रिका 'कंडला नराकास संवाहिका' के ई-पत्रिका के रूप में प्रकाशित 'तृतीय अंक' का विमोचन दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के सचिव श्री सी.हरिचंद्रन जी द्वारा किया गया। बैठक में नराकास राजभाषा शील्ड योजना वर्ष 2020 के परिणाम घोषित किए गए। सरकारी कार्यालय वर्ग में दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट को प्रथम, वीटीएस निदेशालय को द्वितीय और सीमाशुल्क कार्यालय को तृतीय तथा उपक्रम कार्यालय वर्ग में एचपीसीएल को प्रथम और आईओसीएल को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।







## दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के कंडला में सर्वर रूम और प्रशिक्षण हॉल का उद्घाटन

दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट ने कंडला में सर्वर रूम और प्रशिक्षण हॉल का उद्घाटन किया और भारत सरकार की 'व्यापार करने में सहजता की पहल' ('ईज ऑफ डूइंग बिजनेस इनिशिएटिव') के के एक भाग के रूप में ईआरपी परियोजना हेतु प्रयोक्ता स्वीकरण परीक्षण (यूजर एक्सेप्टेंस टेस्ट) का प्रारंभ किया। इस अवसर पर दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के अधिकारीगण और मैसर्स टेक महिंद्रा और मेसर्स ईएंडवाई के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



# गतिविधियाँ

## एसबीआई डीपीटी टाउनशिप शाखा द्वारा विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस का आयोजन

एसबीआई डीपीटी टाउनशिप शाखा ने दिनांक 21 अगस्त 2021 को विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के उपाध्यक्ष श्री नंदीश शुक्ला ने वरिष्ठ नागरिकों को शुभकामनाएं और बधाई दी। इस अवसर पर एसबीआई ने भी समर्पण के साथ पोर्ट समुदाय की सेवा करने के लिए तत्परता और समर्थन अभिव्यक्त किया।



## उपाध्यक्ष, दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट द्वारा हिंदी पखवाड़ा - 2021 का उद्घाटन

14 सितंबर 2021 को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के उपाध्यक्ष श्री नंदीश शुक्ल जी ने हिंदी पखवाड़ा का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में पोर्ट के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। पखवाड़ा के दौरान कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पोर्ट कार्मिकों और बच्चों और नराकास के सदस्य कार्यालयों में कार्यरत कार्मिकों के लिए विविध प्रतियोगिताएँ और कार्यक्रम आयोजित किए गए।




- हिंदी पखवाड़ा 2021 के पहले दिन दिनांक 14 सितंबर 2021 को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए डीपीटी कार्मिकों के लिए हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बढ़-चढ़ कर प्रतिभागियों ने भाग लिया।



- हिंदी पखवाड़ा 2021 के दूसरे दिन दिनांक 15 सितंबर 2021 को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए डीपीटी कार्मिकों की अध्ययनरत संतानों और नराकास सदस्य कार्यालयों में कार्यरत कार्मिकों के लिए हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें बढ़-चढ़ कर प्रतिभागियों ने भाग लिया।



# गतिविधियाँ

हिंदी पखवाड़ा 2021 के तीसरे दिन दिनांक 16 सितंबर 2021 को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कार्मिकों के लिए अपटत तेल टर्मिनल, वाडीनार में हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता और प्रशासनिक कार्यालय भवन, गांधीधाम में हिंदी टिप्पण/प्रारूपण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।



हिंदी पखवाड़ा 2021 के चौथे दिन अर्थात् दिनांक १७ सितंबर 2021 को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कार्मिकों के लिए हिंदी श्रुतलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।



दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट में दिनांक 20 सितंबर, 2021 को कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पूर्ण-दिवसीय हिंदी कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में 24 कार्मिकों ने भाग लिया जिसमें उप निदेशक, हिंदी शिक्षण योजना, मुंबई डॉ. एम.एल.गुप्ता जी ने ऑनलाइन जुड़कर अपने विद्वतापूर्ण व्याख्यान से प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। हिंदी कार्यशाला के अंतिम चरण में राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजेता प्रतिभागियों को वरिष्ठ उप सचिव श्री वाई.के.सिंह की उपस्थिति में सचिव श्री सी.हरिचंद्रन जी के करकमलों से पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यशाला का संचालन हिंदी अधिकारी ने किया।



हिंदी पखवाड़ा 2021 के दौरान दिनांक 21 सितंबर 2021 को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए 'घ' वर्ग कर्मचारियों के लिए "हिंदी वाचन प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।



# गतिविधियाँ

हिंदी पखवाड़ा 2021 के दौरान दिनांक 22 सितंबर 2021 को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए "प्रश्नमंच प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।



हिंदी पखवाड़ा के दौरान दिनांक 23 सितंबर 2021 को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए "अंताक्षरी प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया



दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के उपाध्यक्ष श्री नंदीश शुक्ल जी के मुख्य आतिथ्य में दिनांक 28 सितंबर 2021 को हिंदी पखवाड़ा 2021 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ जिसमें विभाग प्रमुखगण मुख्य अभियंता श्री आर.मुरुगादास, वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी श्री बी.भाग्यनाथ, उप संरक्षक श्री प्रदीप मोहंती, वरिष्ठ उप सचिव श्री वाई.के.सिंह सहित पोर्ट के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।
हिंदी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में पोर्ट की राजभाषा शील्ड योजना 2020-21 के तहत मुख्य अतिथि दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के उपाध्यक्ष श्री नंदीश शुक्ल के करकमलों से प्रथम पुरस्कार की शील्ड एवं प्रमाणपत्र चिकित्सा विभाग को, द्वितीय पुरस्कार सिविल अभियांत्रिकी विभाग को और तृतीय पुरस्कार वित्त विभाग को वितरित किये गये।
हिंदी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में नराकास के सदस्य कार्यालयों में कार्यरत कार्मिकों और पोर्ट के कार्मिकों की अध्ययनरत संतानों के लिए आयोजित निबंध प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को भी मुख्य अतिथि के करकमलों से पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरित किए गए।
हिंदी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में हिंदी पखवाड़ा 2021 के दौरान पोर्ट के कार्मिकों के लिए आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता अधिकारियों और कर्मचारियों को भी मुख्य अतिथि के करकमलों से पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरित किए गए।








# गतिविधियाँ

## दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट में 'आजादी का अमृत महोत्सव' के 28वें सप्ताह का आयोजन

'आजादी का अमृत महोत्सव' के एक भाग के रूप में, दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट ने 10वीं, 12वीं और स्नातक कक्षा में पढ़ने वाले अपने कर्मचारियों के बच्चों के लिए दिनांक 20 सितंबर, 2021 को कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ. लवीश पमवानी और श्री इम्तियाज दाफरानी ने प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार की अध्ययन-धाराओं में उपलब्ध अवसरों के बारे में जानकारी दी।





'आजादी का अमृत महोत्सव' के एक भाग के रूप में दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट द्वारा दिनांक 21 सितंबर 2021 को पोषण और व्यायाम पर एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। श्री जाहिद दाफरानी, प्रमाणित प्रशिक्षक वक्ता के रूप में उपस्थित रहे और श्री नंदीश शुक्ला, आईआरटीएस, उपाध्यक्ष महोदय की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट द्वारा मनाए जा रहे 'आजादी का अमृत महोत्सव' के दौरान दिनांक 22 सितंबर 2021 को गुजरात राज्य योग बोर्ड के योग प्रशिक्षक श्री जनार्दन पाटनकर की निगरानी में योग कक्षा का आयोजन किया गया। इस कक्षा में दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के उपाध्यक्ष श्री नंदीश शुक्ला, आईआरटीएस, सचिव श्री सी.हरिचंद्रन और कई अधिकारियों और कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों ने भाग लिया।





दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट द्वार मनाए जा रहे 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के तहत दिनांक 24-09-2021 को पोर्ट कार्मिकों और उनके परिजनों (महिला एवं पुरुष) के लिए आत्मरक्षा तकनीक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के प्रसिद्ध मार्शल आर्ट विशेषज्ञ श्री जीतेन्द्र खोडियार ने प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पोर्ट के कार्मिकों ने भाग लिया।

## क्वालिटी मार्क अवाड्र्स में दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट को सम्मान

अहमदाबाद में दिनांक 11 अगस्त 2021 को क्वॉलिटी मार्क अवार्ड(10वें संस्करण) का आयोजन किया गया, जहां भारत के नंबर 1 महापत्तन दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट को वर्ष 2020-21 के दौरान 117 एमएमटी के असाधारण नौभार प्रहस्तन के लिए "समुद्री सेवाओं में अग्रणी उद्योग(पायनियर इंडस्ट्री इन मेरीटाइम सर्विसेज)" के रूप में मान्यता देकर सम्मानित किया गया। दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के उपाध्यक्ष श्री नंदीश शुक्ला, आईआरटीएस ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।




## दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट को "ग्रीनटेक इफेक्टिव सेफ्टी कल्चर अवार्ड-2021"

दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट को सोनमर्ग (जम्मू-कश्मीर) में आयोजित एक समारोह में प्रतिष्ठित "ग्रीनटेक इफेक्टिव सेफ्टी कल्चर अवार्ड-2021" से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार वर्ष 2020-21 के दौरान पोर्ट की संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया।



## दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट को राजभाषा कीर्ति पुरस्कार

गृह मंत्रालय, भारत सरकार के राजभाषा विभाग ने दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट को राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन हेतु लगातार दूसरी बार वर्ष 2020-21 के लिए "राजभाषा कीर्ति पुरस्कार ('ख' क्षेत्र में तृतीय पुरस्कार)" प्रदान करने की घोषणा की।

दिनांक 14 सितंबर 2021 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित हिंदी दिवस 2021 के भव्य समारोह में दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री संजय कुमार मेहता जी ने माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्रीगणों श्री अजय कुमार मिश्र एवं श्री निशीथ प्रामाणिक जी के करकमलों से वर्ष 2019-20 और 2020-21 के लिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्राप्त किये।






# दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट खबरों में



## Deendayal Port Trust honoured for its Highest Cargo Handling Record

Award was received by Shri Nandeesh Shukla, IRTS, Deputy Chairman - DPT

GANDHIDHAM: The 'Quality Mark Awards' organized by the Quality Mark Trust is the tenth edition this year, honoring an organization under the concept of Make in India by the Quality Mark

## DPT organises programmes as part of 'Azadi ka Amrit Mahotsav' & 'Hindi Pakhwada'

Exim News Service

## DPT takes Ease of Doing Business initiatives

E-mail: newsmumbai@exim-india.com, gim@e

Exim News Service

GANDHIDHAM, Aug. 4

DEENDAYAL Port Trust (DPT) has inaugurated a Server Room and Training Hall at Kandla and has initiated User Acceptance Test for the ERP Project, as part of the 'Ease of Doing Business' initiative of the Government of India.

The occasion was graced by officials from DPT as well as Tech Mahindra and E&Y, informed a release.

## Mansukh Mandaviya inaugurates Medical Oxygen PSA units at 'Sir T Hospital', Bhavnagar in presence of Sarbananda Sonowal

Deendayal Port Trust through its CSR has installed 2 nos. of large Medical Oxygen PSA units at 'Sir T Hospital'

NEW DELHI: Union Minister of Health and Family Welfare, and Minister of Chemical and Fertilizers, Shri Mansukh Mandaviya virtually inaugurated two PSA plants at Sir Takhtasinhji hospital, Bhavnagar in the presence of Shri Sarbananda Sonowal, Union Minister for Ports, Shipping and Waterways. Along with 2 Oxygen Generation plants of 1000 LPM capacity each, copper piping network and associated facilities like fire fighting system and automatic oxygen source changeover system were also inaugurated.

Shri Sarbananda Sonowal thanked Shri Mandaviya for taking the initiative and installing the oxygen plant for the welfare of the people of Gujarat.

Cont'd. Pg. 4

4 15th JULY 2021 GUJARAT+NORTH INDIA DST DAILY SHIPPING TIMES

## Mansukh Mandaviya inaugurates Medical Oxygen PSA units at 'Sir T Hospital', Bhavnagar in presence of Sarbananda Sonowal

Deendayal Port Trust through its CSR has installed 2 nos. of large Medical Oxygen PSA units at 'Sir T Hospital'




**दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट**

पोस्ट बॉक्स सं. 50, प्रशासनिक कार्यालय भवन, टैगोर रोड,
गांधीधाम (कच्छ) गुजरात – 370 201.


**FOLLOW US ON**

www.deendayalport.gov.in